सार-समाचार

पडिहारा के पंडित मंगलचंद दाधीच की अंतिम यात्रा में जनसैलाब उमड़ा

राजलदेसर (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत पड़िहारा के जाने माने विद्वान पंडित मंगल चंद दाधीच के निधन पर पूरी पंचायत में शोक की लहर छा गई शुक्रवार रात्रि को 11:50 बजे 82 वर्ष के मंगलचंद दाधीच ने अंतिम सांस ली । सामाजिक कार्यकर्ता बजरंग लाल जोशी के बड़े भाई थे मंगलचंद दाधीच की अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान से शनिवार शाम 4 बजे राम धुन के साथ बैकुंठी के साथ अंतिम यात्रा निकाली गई जो गांव के मुख्य मार्ग से होती हुई शमशान घाट पहुँची अंतिम यात्रा में पड़िहारा गाँव के बाजार पूरी तरह से बंद नजर आए एवं अपने विद्वान पंडित को अंतिम श्रद्धांजलि अपने घरों से पुष्प वर्षा करके दी यात्रा में हजारों व्यक्तियों ने सम्मिलित होकर नम आंखों से विदाई दी। अंतिम यात्रा में विजय सिंह भाटी, सुनील स्वामी, हनुमान सोनी, मोतीलाल सुराणा, विमल सिंह सुराणा, सत्यनारायण शर्मा, नानूराम प्रजापत, राजकुमार गुर्जर, व्यापार मंडल अध्यक्ष विशनलाल रुलानिया, नितेश हर्षवाल, खेमचंद बरड़िया, सीताराम शर्मा, पवन कुमार देरासरिया, ओमप्रकाश शर्मा, हनीफ छिपा, राजेश कोठारी, ओमप्रकाश पुनिया, सरपंच जगजीत सिंह समाजसेवी अशोक आशोपा युवा विकास समिति के मंत्री मदन दाधीच प्रेमचंद शर्मा, मुरारीलाल शर्मा सहित अनेकों सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी राजनीतिक दलों के पदाधिकारी गौशाला के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

पानी की किल्लत को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

राजलदेसर (निसं)। राजलदेसर तहसील के निकटवर्ती ग्राम पंचायत बीनादेसर में काफी वर्षों से पीने के पानी की कमी से जूझ रहे हैं। इसी को देखते हुए सरकार ने दो ट्यूबवेल की स्वीकृति प्रदान की थी । जिसमें एक ट्यूबवेल सोडा जोहडा में बन चुका है लेकिन करीब 700 फीट की खुदाई करने पर बजरी आ गयी। ओर ठेकेदार के द्वारा कोई पाईप नहीं देने के कारण फेल बन्द हो सकता है। लेकिन खुदाई ज्यादा नहीं करने के कारण पानी नाम मात्र का आ रहा है। ग्रामीणों की मांग की थी कि एक हज़ार फीट तक खुदाई करें ताकि पानी सुचारु रूप से आ सके खुदाई नहीं करने के कारण ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला। ग्रामीणों का कहना है कि मजबूरन टैंकरों के माध्यम पानी डलवाना पड रहा है। जब तक ट्यूबवेल की खुदाई नहीं होगी तब तक हम इस मशीन को यहां से नहीं ले जाने देंगे। अगर समय रहते मांग पूरी नहीं की गई तो हमें मजबूरन धरना प्रदर्शन भी करना पड़ सकता है मौके पर पीएचडी अधिकारी भी पहुँचे । इस सरपंच कमला शर्मा सहित सैकड़ो की तादाद में ग्रामीण जन मौजूद रहे।

रामनवमी महोत्सव मनाया

रतनगढ़ (निसं)। विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के तत्वावधान में रविवार 6 अप्रैल को रतनगढ़ में ताल वाले बालाजी मंदिर परिसर से दोपहर 3:15 बजे भव्य शोभा यात्रा व सर्व समाज झांकी का आयोजन किया जायेगा। विश्व हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अमितोष पारीक के सान्निध्य में शोभा यात्रा ताल बालाजी मंदिर से भगवा ध्वज एवं केसरिया साफ़ों के भारतीय परिधान में सुसज्जित नर नारियों की एक विशाल रैली के रूप में रामोत्सव का आनंद मनाने हेतु निकाली जाएगी, जिसमें सर्व समाज के महापुरुषों एवं देवी देवताओं की झांकियां शामिल रहेगी। इस अवसर पर राम सजाओ प्रतियोगिता भी आयोजित होगी जिसमें छोटे छोटे बालक बालिका भाग लेंगे तथा शोभा यात्रा में शामिल रहेंगे। सभी विजेताओं को प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार के रूप में ट्रॉफी व प्रतीक चिह्न प्रदान किए जाएंगे। नगर के मुख्य मार्गों से भ्रमण कर शोभा यात्रा का समापन समारोह आदर्श विद्या मंदिर, धानुका कुआं चौक में होगा जहां केंद्रीय प्रवक्ता अमितोष पारीक का उद्बोधन, महाआरती तथा भामाशाह सम्मान होगा।

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय चूरू में पुस्तकोपहार समारोह का आयोजन

चूरू (निसं)। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय चुरू में पुस्तक्रोपहार समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य कृष्ण सिंह चौहान और प्रधानाध्यापक मनीष कुमार शर्मा उपस्थित रहे। सीसीए प्रभारी कौशल नरवाल ने समारोह का संचालन किया और केंद्रीय विद्यालय की इस पहल के बारे में सभी विद्यार्थियों को अवगत कराया। सीसीए प्रभारी ने पुस्तक दान कर केन्द्रीय विद्यालय की मुहिम में बढ़-चढ़ कर भाग लेने वाले विद्यार्थियों के नामों की घोषणा की। इस अवसर पर प्राचार्य कृष्ण सिंह चौहान ने पुस्तक दान करने वाले विद्यार्थियों के साथ साथ उन विद्यार्थियों की तारीफ की जिन्होंने पुस्तक प्राप्त कर सभी के सामने पर्यावरण संरक्षण का उदाहरण पेश किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए गए प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। इस समारोह में अंजनी कुमार, सुरेंद्र कुमार सहित सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

गौशाला में एक पिकअप चारा दिया

रतनगढ़ (निसं)। देवकिशन स्मृति सेवा समिति के वरिष्ठ संरक्षक सुमित अजीतसरिया के आर्थिक सौजन्य से आज ग्राम पायली में हाइवे पर स्थित श्री मां करणी गौशाला में एक पिक अप चारा प्रदान किया गया। गौशाला समिति के अध्यक्ष सुपेन्द सिंह राठौड़ ने अजीतसरिया परिवार का हार्दिक धन्यवाद करते हुए बताया कि उदारमना सुमित अजीतसरिया ने गौशाला के निरीक्षण के दौरान हमारे विनम्र अनुरोध पर तुरन्त हर माह एक पिक चारा उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था कर गौवंश के पालन में बहुत उल्लेखनीय सहयोग किया है। उन्हौने बताया कि घायल व दुर्घटनाग्रस्त गौवंश के समुचित उपचार हेतु आवश्यक दवाईयां देवकिशन स्मृति सेवा समिति द्वारा समय समय पर उपलब्ध कराई जाती है।

मोतियाबिंद जांच व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर 23 को

रतनगढ़ (निसं)। रतनगढ़ माहेश्वरी सभा ट्रस्ट ,शंकरा आई हॉस्पिटल व जिला अंधता निवारण समिति, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में भूरामल बैद की स्मृति में उनके परिवारजनों द्वारा नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन दिनांक 23 अप्रैल 2025 वार बुधवार को माहेश्वरी भवन ,रामचंद्र पार्क के पास होगा । शिविर प्रभारी नरेंद्र झंवर ने बताया मरीजों की नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच व आधुनिक तकनीक द्वारा बिना टांके का ऑपरेशन जयपुर ले जाकर किया जाएगा। शिविर में सभी प्रकार की व्यवस्थाएं पूर्णता नि:शुल्क रहेगी। पंजीयन के लिए रोगी अपने आधार कार्ड की दो फोटो कॉपी साथ लावे।

अज्ञात शव मिलने से सनसनी फैली

राजलदेसर (निसं)। तहसील के निकटवर्ती ग्राम पायली में शनिवार को अज्ञात शव मिलने से सनसनी फैल गयी। राजलदेसर थानाप्रभारी कमलेश सैनी ने बताया कि ग्राम पायली में रेलवे ट्रैक के पास एक अज्ञात पुरुष का शव पडा मिला जिसकी उम्र करीब 30 साल है। वहीं देर शाम तक भी शव की पहचान नहीं हुई है, शव को राजलदेसर राजकीय चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया गया है। पुलिस के द्वारा लगातार शव की शिनाख्त करने की कोशिश की जा रही है। मौके पर रतनगढ़ पुलिस उप अधीक्षक अनिल कुमार व एफएसल टीम भी पहुंची है शव दो दिन पुराना बताया जा रहा है।

दिलावर, मेघवाल और राठौड़ आज झुंझुनूं आएंगे

झुंझुनूं, (निसं)। शिक्षा व पंचायतराज मंत्री मदन दिलावर एक दिवसीय दौरे पर छह अप्रेल को झुंझुनूं आएंगे। जानकारी देते हुए पूर्व पार्षद और भाजपा नेता महेश जीनगर ने बताया कि दिलावर छह अप्रेल को सुबह चार बजे जैसलमेर से सीधे झुंझुनूं पहुंचेंगे। शिक्षा व पंचायतराज मंत्री सर्किट हाउस झुंझुनूं पहुंचने पर भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता व प्रतिनिधि उनका सर्किट हाउस में स्वागत अभिनंदन भी करेंगे। जिसके बाद वे टमकोर गांव में 11 बजे आचार्य महाप्रज्ञ स्कूल में प्रस्तावित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। टमकोर में होने वाले कार्यक्रम में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल व पूर्व प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र राठौड़ समेत अन्य नेता हिस्सा लेंगे।

हनुमान जन्मोत्सव 12 अप्रैल को

झुंझुनूं, (निसं)। ईदगाह रोड स्थित श्री सैन बगीची में हर साल की तरह इस बार भी हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन12 अप्रेल को किया जाएगा। दिलीप श्यामड़ीवाल ने बताया कि कार्यक्रम में फूलों से बालाजी महाराज का शृंगार किया जाएगा। स्थानीय कलाकारों के द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी तथा प्रसाद वितरण किया जाएगा। उन्होंने सभी भक्तजनों से निवेदन है कि मंदिर परिसर में पहुंचकर बालाजी के दर्शन का लाभ लेवे तथा साथ में भजन संध्या का आनंद लें।

घीसालाल की हत्या के मामले में चार नामजद आरोपी गिरफ्तार



खाटूश्यामजी लिखमाकाबास गांव में हुई हत्या के मामले में खाटूश्यामजी सदर पुलिस ने चार जनों को गिरफ्तार किया।

सीकर (निसं)। खाटूश्यामजी लिखमाकाबास गांव में 8 मार्च को एक व्यक्ति की हुई हत्या के मामले में खाटूश्यामजी सदर पुलिस थाना ने सफलता हांसिल करते हुए शुक्रवार को 4 जनों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। खाटूश्यामजी सदर थानाप्रभारी कैलाशचंद्र यादव ने बताया कि 08 मार्च को प्रकरण का परिवादी शत्रुधन शर्मा उर्फ सतीश पुत्र घीसालाल शर्मा जाति ब्राह्मण (51) निवासी ग्राम लिखमाकाबास पुलिस थाना खाटूश्यामजी सदर ने एक लिखित रिपोर्ट इस आशय की पेश कि की आठ मार्च को सुबह करीब 9 बजे मेरे घर के पडौसी ज्योति शर्मा पत्नी विनोद कुमार शर्मा ने मुझे फोन पर सुचना दी कि आपके घर का गेट टुटा हुआ है एवं आपके पापा को आवाज देने पर बोल नही रहे है इन्होने मुझे बताया की हमने बाथरूम में भी देख लिया लेकिन वहां भी नहीं है सो आप जल्दी गांव आ जाओ। जबकी कल दिनांक 07 मार्च को शाम 07.30 बजे मेरी स्वयं की मेरे पिता से बात हुई थी उन्होंने बताया कि राकेश कुमार शर्मा का बाउंस हुआ चैक वापस मिल गया है व माथा पच्ची ज्यादा कर रहा है इसलिए उसका चैक रामगढ़ कोर्ट में सोमवार को लगाकर आउंगा।

मेरे घर पर आने पर पुलिस एवं ग्रामीण जन इक्कठे थे। उनकी मौजूदगी में मैंने उनकी डेड बोडी को देखा तो सिर पर गंभीर चोट आई हुई है। कमरे में बहुत सारा खुन फैला हुआ था। रात्रि के समय घर में घुसकर धारदार हथियार से वार कर मेरे पिताजी की हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट पर अभियोग संख्या 13/2025 धारा 103(1), 331(8) बीएनएस 2023 पुलिस थाना खाटूश्यामजी सदर पंजीबद्ध कर अनुसंधान थानाप्रभारी के नेतृत्व में टीम बनाकर किया।

गठित टीम द्वारा किये गये प्रयास:- व्यावहारिक पुलिसिंग, तकनीकी सहायता तथा आसूचना संकलन से गठित पुलिस टीम द्वारा रात दिन कडी मेहनत करते हुए अज्ञात मुल्जिमान का पता लगाया जाकर मुख्य अभियुक्त सहित 03 अभियुक्तों को उतरप्रदेश से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया गया। मुख्य अभियुक्त के द्वारा 28.02.2025 को कस्बा खाटूश्यामजी में आकर मृतक घीसालाल शर्मा (रिटायर्ड फौजी) के घर की आर्थिक स्थिति की जानकारी कर घर पर पहुँचकर रैकी की और अपने अन्य साथी दिल्ली निवासी से इस्टाग्राम से सम्पर्क कर बुलाया, लेकिन मृतक जयपुर होने की वजह से उस दिन बच गया लेकिन पुन: मुख्य अभियुक्त अमित मिश्रा द्वारा उतरप्रदेश से अपने साथियों को बुलाकर लूट के ईरादे से वारदात को इंजाम दिया गया। गिरफतारशुदा अभियुक्तों से पूछताछ जारी है।

सदर पुलिस ने इनको किया गिरफ्तार:- लिखमाकाबास गांव में घीसालाल की हत्या के मामले के सदर पुलिस ने 4 नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाप्रभारी कैलाश यादव ने बताया कि अमित कुमार मिश्रा पुत्र राजेश कुमार उर्फ गोरधन उम्र 24 साल जाति ब्राहम्ण निवासी बेला सराय गजा थाना शमशाबाद जिला फर्रुखाबाद उत्तरप्रदेश, अनुज मिश्रा पुत्र अवदेश मिश्रा उम्र 19 साल जाति ब्राहम्ण निवासी बेला सराय गजा पुलिस थाना शमशाबाद जिला फर्रुखाबाद उतरप्रदेश, विधुर पंडित पुत्र रमेशचन्द उम्र 26 साल जाति ब्राहम्ण निवासी ढाई गांव पुलिस थाना मिरजापुर तहसील कलान जिला शहाजहांपुर उतरप्रदेश, अभय उर्फ अजय यादव पुत्र रामनिवास सिंह जाति यादव उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम मंझा सरिफपुर पुलिस थाना मिरजापुर तहसील कायमगंज जिला शहाजहांपुर उत्तरप्रदेश है।

ऑनलाइन गेमिंग का पर्दाफाश, किराए के मकान पर दबिश देकर 5 आरोपियों को पकड़ा, मोबाइल एवं लैपटॉप जब्त

सीकर (निसं)। सीकर की साइबर थाना पुलिस ने अवैध ऑनलाइन गेमिंग एप के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। ऑनलाइन गेमिंग का पर्दाफाश करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से कुछ आरोपी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी भी कर रहे है। आरोपियों के कब्जे से मोबाइल, लेपटॉप और अन्य सामान बरामद किया गया है।

कार्रवाई को साइबर पुलिस थाना के थानाधिकारी आरपीएस अनुज डाल के नेतृत्व में अंजाम दिया गया। साइबर पुलिस थाने की टीम ने एनसीआरबी डिजिटल सोर्सेज और ह्यूमन इंटेलिजेंस से मिली सूचना के आधार पर आरोपियों की लोकेशन ट्रेस की।इसके बाद राधाकिशनपुरा इलाके में एक किराए के मकान पर दबिश दी। टीम ने पांच आरोपी गिरफ्तार किए हैं।

लेपटॉप, पासबुक सहित अन्य सामान जब्त:-साइबर पुलिस थाना सीकर की सब इंस्पेक्टर रिया चौधरी ने बताया कि आरोपियों की ओर से ऑनलाइन गेमिंग एप पर अवैध ऑनलाइन गेमिंग के माध्यम से खुद और अन्य लोगों के किराए के खातों में अवैध रूप से ट्रांजैक्शन किया जाता था। इनके पास से एक लेपटॉप, 4 एटीएम कार्ड, 3 बैंक पासबुक, 2 चेकबुक, 15 मोबाइल फोन, 2 चार्जर और एक पावरबैंक भी बरामद किया है। फिलहाल इन आरोपियों से ऑनलाइन गेमिंग के गिरोह में शामिल अन्य लोगों और इन्हें आईडी उपलब्ध करवाने वाले लोगों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

लाखों रुपए का लेन-देन कर चुके:-गिरफ्तार आरोपी अलग-अलग इलाकों के रहने वाले हैं। इनमें कुछ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कर रहे हैं। जो जल्दी पैसा कमाने के लालच में इस गिरोह से जुड़े हैं। थानाधिकारी अनुज डाल के अनुसार इस गिरोह के द्वारा लाखों रुपए के लेन-देन करने की जानकारी सामने आई है। साइबर थाना पुलिस लगातार अवैध ऑनलाइन गेमिंग से जुड़े लोगों के खिलाफ कार्रवाई का अभियान जारी रखेगी। इस कार्रवाई में सब इंस्पेक्टर रिया चौधरी, कॉन्स्टेबल भागीरथ, दिलावर और लक्ष्मण राम की भूमिका रही।

सार-समाचार

बालाजी मंदिर में विश्राम गृह का लोकार्पण

सुलताना, (निसं)। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के छोटे भाई और आरटीडीसी के पूर्व चेयरमैन रणदीप धनखड व उनकी पत्नी सरोज धनखड़ की ओर से किठाना के जोडिया स्थित बालाजी मंदिर परिसर में बनाए गए विश्राम गृह का शनिवार को पूजा अर्चना के बाद लोकार्पण किया गया। इस मौके पर उप राष्ट्रपति की पत्नी डॉ. सुदेश धनखड भी अपनी समधन दिल्ली निवासी आभा देवी के साथ पहुंची। जिन्होंने पहले परिवार के साथ पूजा अर्चना में हिस्सा लिया। इसके बाद इस विश्राम गृह का लोकार्पण किया। आपको बता दें कि इस लेटेस्ट डिजाइन और सुंदर विश्राम गृह को बनाने में करीब आठ माह का समय लगा। जब इसका भूमि पूजन किया गया था। तब भी उप राष्ट्रपति की पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ आई थी। यह विश्राम गृह आरटीडीसी के पूर्व चेयरमैन रणदीप धनखड़ ने अपने दिवंगत माता-पिता स्व. गोकुलचंद धनखड़ तथा स्व. केसरी देवी की स्मृति में बनाया है। जिसकी काफी समय से जोडिया के बालाजी मंदिर में जरूरत थी। महंत सज्जन कुमार के सानिध्य में पूजा अर्चना हुई। इसके बाद सवामणी का प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर विधायक राजेंद्र भांबू, सरपंच पति हीरेंद्र धनखड़ तथा कपिल खेदड़ समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण और गणमान्यजन मौजूद थे। आपको बता दें कि उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड और उनके परिवार के सदस्य किठाना गांव के विकास के लिए लगातार कृत संकल्पित है। हाल ही में जगदीप धनखड़ ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से अपने चिर परिचित अंदाज में किठाना गांव से गुजरते हुए एक नेशनल हाइवे मांगा था।

दुर्गाष्टमी का भव्य आयोजन

झुंझुनूं, (निसं)। बगड़ रोड स्थित देवी द्वार बिजली बोर्ड के सामने, विप्र सेना के तत्वावधान में विप्र सेना के जिलाध्यक्ष गुलझारीलाल शर्मा के सानिध्य में दुर्गा अष्टमी का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रख्यात पंडित हर्षवर्धन ढंढ के सानिध्य में पूजा अर्चना करने के साथ ही हवन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके बाद कन्याओं को भोजन प्रसादी का ब्राह्मण पंडित को मंत्रों द्वारा पठन पाठन किया गया। इस अवसर पर विप्र सेना के जिलाध्यक्ष गुलझारीलाल शर्मा, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश बसावतिया, ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ नेता शिवचरण पुरोहित, पुजारी सेवक महासंघ के जिलाध्यक्ष विनोद पुजारी, रामचंद्र शर्मा पाटोदा, बालमुकुंद शर्मा, सुरेंद्र शर्मा ढाणीवाला, मुकेशकुमार शर्मा, वरिष्ठ ठेकेदार रामसिंह पचार, एडवोकेट नीरज शर्मा, विजय अग्रवाल, संजू अग्रवाल, रघुनाथ पोद्दार, शिक्षाविद संजय माथुर, ऋषि जोशी, हर्षिता बिरमीवाला, वैभव, विजय गोयल रायपुर छत्तीसगढ़ व अंकिता गोयल आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

श्रीराम की शोभायात्रा आज

मुकुंदगढ़, (निसं)। रामनवमी के अवसर पर शहर में विशाल श्री राम की भव्य शोभायात्रा रविवार को निकाली जाएगी। पंडित विजय शर्मा ने बताया कि श्री राम भगवान की शोभायात्रा राम मंदिर से रविवार दोपहर 3 बजे रवाना होगी। जो शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई वापस राम मंदिर पहुंचेगी इस दौरान शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया जाएगा। वहीं अनेक मुख्य स्थान पर शीतल ठंडा जल की व्यवस्था रहेगी। शोभायात्रा के लिए कार्यकर्ता व धर्मप्रेमी शहर के सभी वार्डों में जनसंपर्क किया गया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं की भी भागीदारी रहेगी। शोभायात्रा समापन के बाद में विशाल महाआरती होगी।

आमजन की समस्याओं का निस्तारण करें : जिला कलेक्टर रामावतार मीणा

कलेक्टर रामावतार मीणा ने राजस्व अधिकारियों की बैठक ली।

झुंझुनूं, (निसं)। झुंझुनूं के कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने जिले के सभी राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में जिले के एसडीएम, एसीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदारों ने हिस्सा लिया।

कलेक्टर रामावतार मीणा ने सभी अधिकारियों से विभागीय कार्यों और योजनाओं के बारे में प्रगति रिपोर्ट जानी। साथ ही कहा कि पुर्नसीमांकन, अवैध खनन, कोर्ट संबंधी मामले, नामान्तरण, सीमा ज्ञान, प्रत्थरगढ़ी सहित अन्य राजस्व संबंधी मामलों को अभियान के रूप में लेकर निस्तारित करें। ताकि आमजन को राहत मिल सके। उन्होंने इस दौरान राजस्व अधिकारियों से कहा कि पानी, बिजली और मौसमी बीमारियों को लेकर भी वे अपने अपने क्षेत्रों में लगातार मॉनेटरिंग करें। क्योंकि गर्मी का मौसम आने वाला है। इन समस्याओं को लेकर आमजन को परेशान ना होने पड़े। ऐसी मंशा राज्य सरकार की है। जिसकी पालना करना और करवाना, हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने इस मौके पर कहा कि सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार करने के अलावा पात्र व्यक्ति तक और अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए भी कार्ययोजना बनाएं।

रिजाणी गांव के स्कूल में मां सरस्वती की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा की

झुंझुनूं, (निसं)। रिजाणी गांव स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल में शनिवार को एक भव्य धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन के अंतर्गत मां सरस्वती की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा एवं मंदिर अनावरण समारोह का आयोजन किया गया। यह मंदिर डॉ. एसके भार्गव की ओर से बनवाया गया है। मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापना के इस विशेष कार्यक्रम में ग्रामीणों सहित शिक्षा क्षेत्र से जुड़े अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉ. मूलसिंह शेखावत रहे। वहीं महावीर इंटरनेशनल सनराइज से डॉ. एसके भार्गव, डॉ. एसएन शुक्ला, राजेंद्र जोशी, जिला शिक्षा अधिकारी समसा कमलेश तेतरवाल, स्कूल के प्राचार्य सुनिल कुमार, उप प्राचार्य अंबिका झाझड़िया, उप सरपंच नेमीचंद और समाजसेवी शिवचंद कुलहरि विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच पर मौजूद रहे। स्कूल प्राचार्य सुनील कुमार ने सभी अतिथियों का माला पहनाकर और राजस्थानी साफा बांधकर स्वागत किया। मंच संचालन राम सिंह ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत बालिकाओं द्वारा मां सरस्वती की वंदना से हुई, इसके बाद छात्राओं ने रंगारंग राजस्थानी गीतों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। अपने संबोधन में अतिथियों ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है और अंधकारमय रहता है। मां सरस्वती की पूजा से विद्या, बुद्धि और एकाग्रता प्राप्त होती है। जो जीवन में सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत और लगन से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर डॉ. उम्मेदसिंह, डॉ. एसएन नरूका, डॉ. आलोक गौड़, महेश मूंड, डीके गौड़, अनुपम शर्मा, मुबारिक अली पहाडियान, लालाजी, प्रदीप शुक्ला, चंद्रमोहन अग्रवाल, अशोक शेखावत, विकास शुक्ला सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, अभिभावक, स्कूल स्टाफ और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

रामनवमी की पूर्व संध्या पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकली

संतों के सान्निध्य में 1100 महिलाओं ने कलश यात्रा में भाग लिया।

सीकर (निसं)। सीकर में बैजनाथ सोभासरिया ट्रस्ट द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी महोत्सव का भव्य आयोजन रविवार को किया जा रहा है।

ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रहलादराय अग्रवाला ने बताया कि शनिवार को रामनवमी की पूर्व संध्या पर शाम से भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें हजारों की संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।शोभायात्रा का शुभारंभ संतों के सानिध्य में जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया ।इस अवसर पर ओमदास महाराज सांगलिया धूणी व अवधेशाचार्य महाराज लोहार्गल धाम उपस्थित रहे। इस शोभायात्रा में 1100 महिलाएं समान परिधान में कलश लेकर चली, जबकि पुरुष एक जैसे साफे पहनकर चलें।

शोभायात्रा में सजे-धजे ऊंट, घोड़े, हाथी, बैंड, बाजे, और आकर्षक सांस्कृतिक झांकियां भी शामिल रही। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष कुंज बिहारी अग्रवाला ने बताया कि शोभायात्रा का मार्ग श्रीराम मंदिर, सोभासरिया विश्राम भवन से शुरू हुआ जो तापड़िया बगीची, स्टेशन रोड, जाटिया बाजार, श्री रघुनाथ जी मंदिर, श्री गोपीनाथ जी मंदिर, श्री गणेश जी मंदिर होते हुए बजाज रोड से पुन: श्रीराम मंदिर पर पहुंचे जहां पर यात्रा का समापन हुआ और उपस्थित महिलाओं को प्रसाद के पैकेट वितरित किए गए। शोभायात्रा में ट्रस्टी प्रहलाद राय अग्रवाला, घनश्याम प्रसाद अग्रवाला, कुंजबिहारी अग्रवाला, विधायक राजेन्द्र पारीक, लोहार्गल पीठाधीष्वर अवधेषाचार्य महाराज, ओमदास महाराज, सुनील मोर, स्मार्ट टीवी सुरेश अग्रवाल एडीएम, शहर के उद्यमी, व्यवसायी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, शिक्षक, अधिवक्ता, सीए और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

ट्रस्ट के उपाध्यक्ष घनश्याम प्रसाद अग्रवाला ने बताया कि कि रविवार को रामजन्मोत्सव पर भव्य कार्यक्रम होगा। इस दिन सुबह से ही श्रीराम मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ेगी। विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन, श्रीराम जन्मोत्सव की झांकी और प्रसाद वितरण जैसी विविध गतिविधियाँ पूरे दिन मंदिर परिसर में चलेंगी। मंदिर में सुबह 9 बजे से आरंभ होने वाली भजन संध्या में स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ दूर-दराज से आए भजन गायकों की प्रस्तुतियां होंगी। दोपहर 11:50 बजे भगवान श्रीराम के प्राकट्यय के शुभ क्षण पर विशेष आरती और महा आलौकिक आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों श्रद्धालु भाग लेंगे। यह आयोजन न केवल धार्मिक उत्सव का प्रतीक है, बल्कि यह समाज में सांस्कृतिक एकता और भाईचारे का संदेश भी देगा।ट्रस्ट के ट्रस्टीगण ने सभी श्रद्धालुओं एवं शहरवासियों से आग्रह किया है कि वे इस भव्य आयोजन में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लें।

पंचायतों के पुर्नगठन को लेकर विरोध जारी

झुंझुनूं, (निसं)। पूरे प्रदेश में पंचायतों और निकायों का पुर्नगठन का काम चल रहा है। जिसका विरोध भी लगातार जारी है। दरअसल काफी सारे गांव ऐसे है। जिन्हें शहरी निकायों में जोडा जा रहा है। तो वो विरोध कर रहे है। तो कोई ग्राम पंचायत और पंचायत समिति में इधर-उधर किया जा रहा है। तो उसका भी विरोध हो रहा है। अब खबर झुंझुनूं से है। जहां पर तीन गांवों के लोगों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया गया। किसान सभा के उपाध्यक्ष सुभाष बुगालिया के नेतृत्व में झुंझुनूं पहुंचने तन गांव कारी, सौंथली और बुगाला के ग्रामीणों ने बताया कि वे फिलहाल नवलगढ़ पंचायत समिति में आते है। लेकिन उन्हें नवलगढ़ से हटाकर नई बनने वाले मुकुंदगढ़ पंचायत समिति में शामिल करने की कोशिश की जा रही है। जिसे कोई भी ग्रामीण मंजूर नहीं कर रहा है। ग्रामीणों ने तर्क दिया कि यदि मुकुंदगढ़ पंचायत समिति के अधीन उनकी पंचायतों को किया जाता है तो ग्रामीण परेशान होंगे। क्योंकि इन गांवों से मुकुंदगढ़ के ना तो कोई सीधा साधन है।

नाम परिवर्तन

मैं सुधा कुमारी पुत्री ओम प्रकाश शर्मा निवासी वार्ड नंबर 57 तहसील व जिला चूरू। मेरे कुछ सरकारी व शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम सुधा शर्मा व कुछ दस्तावेजों में मेरा नाम सुधा कुमारी दर्ज है। उपर्युक्त दोनों नाम मेरे ही हैं। भविष्य में मुझे सुधा कुमारी के नाम से ही जाना व पहचाना जावे

I SUDHA KUMARI D/o OM PRAKASH SHARMA R/o Ward No. 57 Teh. & Dist. Churu (Raj.). In my govt . and educational documents my name is recorded as SUDHA SHARMA and in some other documents my name is recorded as SUDHA KUMARI . Both names are of same person. In future my name is recognised and consider as SUDHA KUMARI for all purpose.

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर, जिला हनुमानगढ़ (राज.)

क्रमांक:- एफ.14/सामान्य/न.पा.रा./2025/ दिनांक :-

-: आपत्ति सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचनार्थ एवं प्रकाशनार्थ सूचित किया जाता है कि श्री विनोद, सुनील कुमार पुत्र श्री सुरेश कुमार निवासी वार्ड नं. 04 कनवानी तहसील रावतसर व श्रीमती सीमा पत्नी श्री अमर कुमार निवासी वार्ड नं. 11, गढ़डा तहसील भादरा ने अपने सैक्टर सिनेमा मार्किट व्यवसायिक भूखंड संख्या 93 भूखंड साईज 15 गुणा 30 फीट का नामांतरण पालिका रिकॉर्ड में अपने नाम से करवाना चाहते हैं। उक्त भूखंड का पट्टा श्री रोहिताश सोनी पुत्र श्री दुलीचंद के नाम से नगरपालिका रावतसर द्वारा 05.05.2023 को जारीशुदा है। श्री रोहिताश सोनी ने उक्त भूखंड जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनाक 12.07.2024 को श्री प्रदीप कुमार पुत्र श्री शुभकरण व श्री राजकुमार अग्रवाल पुत्र श्री ओमप्रकाश को बेचान कर दिया। श्री प्रदीप कुमार व श्री राजकुमार अग्रवाल ने उक्त भूखंड जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनाक 06.03.2025 को श्री विनोद, सुनील कुमार व श्रीमती सीमा को बेचान कर दिया। अतः अपने खरीदशुदा व्यवसायिक भूखंड का नामांतरण प्रार्थी पालिका रिकॉर्ड में अपने नाम से दर्ज करवाना चाहते हैं। किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो उक्त सूचना प्रकाशन होने की तिथि के 07 दिवस में सूचित करे, अन्य